tyres, in the different regions of the country, has been approved by Government to meet future demands.

MADHYA PRADESH'S SHARE IN THE ANNUAL PLANS FOR STATES FOR 1972-73

5592. SHRI MARTAND SINGH: Will the Minister of PLANNING be pleased to state the total outlay and share of Madhya Pradesh State, District-wise, in the Annual Plans for the States for 1972-73?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PLANNING (SHRI MOHAN DHARIA): Out of a total approved Annual outlay of Rs. 1601 75 crores for the twenty-one States, the approved outlay for Madhya Pradesh State Annual Plan 1972-73 amounts to Rs 109 crores According to the information furnished by the State Government, no district-wise allocations of the approved outlay are available.

होशंगाबाद जिले (मध्य प्रदेश) में औद्योगिक प्रतिष्ठान

5594 **श्री गंगा चरण दीक्षित :** क्या औद्योगिक विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि सरकार ने होशंगाबाद जिले (मध्य प्रदेश) मे औद्योगिक प्रतिष्ठानो की स्थापना और उनके विकास के लिए अब तक क्या कार्यवाही की है ?

औद्योगिक विकास मंत्रालय में उपमंत्री (श्री सिद्धेश्वर प्रसाद) : होशगाबाद, देश के उन 219 पिछड़े जिलों में से एक है, जो जिले में स्थापित किये जाने वाले उद्योगो के लिये वित्तीय संस्थाओं से रियायती दर पर धन पाने के पात्र है :—

जिला अधिकारियों व राज्य उद्योग विभाग के सर्वेक्षण कर्मचारियों ने होशंगाबाद जिले का यहां की औद्योगिक संभाव्यताओं का पता लगाने हेतु सर्वेक्षण भी किया है। जहां तक केन्द्रीय औद्योगिक परियोजना का संबंध है, चौथी पंचवर्षीय योजना में होशंगाबाद में एक सिक्योरिटी पेपर मिल स्थापित करने की बात शामिल कर ली गई है।

इसके अलावा, औद्योगिक विकास बैंक आफ इण्डिया ने रिजर्व बैंक आफ इण्डिया, इण्डस्ट्रियल फाइनेन्स कारपोरेशन आफ इण्डिया, आदि के परामर्श से समूचे मध्य प्रदेश राज्य का सर्वेक्षण करके उद्योगो के संवर्धन की संभावनाओ पर एक रिपोर्ट प्रस्तुत की है। आशा है कि राज्य के अभिकरण व उद्गामी इन सुविधाओ व रियायतो का लाभ उठावेगे व होशगाबाद सहित राज्य के विभिन्न भागो मे उद्योग स्थापित करेगे।

मध्य प्रदेश में डाक तथा तार कार्यालय

5595. **श्री गंगाचरण दीक्षित :** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या चालू वर्ष में मध्य प्रदेश राज्य मे नये डाक तथा तार कार्यालय खोलने के प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन हैं और यदि हां, तो उनकी संख्या कितनी होगी;

(ख) नये डाक तथा तार कार्यालय कब तक खोल दिये जायेंगे और वे किन-किन स्थानो पर खोले जायेंगे, और

(ग) नगरो तथा ग्रामीण क्षेत्रों मे, अलग-अलग, ऐसे कितने डाक तथा तार घर खोले जायेंगे ?

संचार मंत्री (श्री हेमवती नन्दन बहुगुणा) : (क) चालू वित्तीय वर्ष के दौरान मध्य प्रदेश राज्य में 119 नये डाकघर खोलने और 27 डाकघरों में तार सुविधा देने का प्रस्ताव है।

(ख) चालू वित्तीय वर्ष के अन्त तक वस्तुतः कितने डाकघर और किन-किन स्थानो में खोले जाएंगे, यह उन प्रस्तावो पर निर्भर होगा जिनमें विभाग द्वारा इस संबंध में निर्धारित मानदण्ड पूरे होगे जैसे-डाक-सुविधा का लाभ उठाने वाली जनसंख्या,